p>

Need to run a link train of Malwa Express on Guna-Maksi railway route.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) : सभापति महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

पश्चिम-मध्य रेलवे का मक्सी-गुना ट्रैक जो कि रेलवे के लिए काफी राजस्व उत्पन्न करने वाला क्षेत्र है, मगर इस ट्रैक पर रेलगाड़ियों का आवागमन काफी कम होता है, जिससे आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में लगभग एक करोड़ से ज्यादा जनता निवास करती है। उनके लिए रेलवे यात्रा का एक सुगम माध्यम है। इसके साथ ही रेलवे के राजस्व के लिहाज से भी यह काफी महत्वपूर्ण है। मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए गोंडवाना एक्सप्रेस की तर्ज पर इंदौर से जम्मूतवी के मध्य चलने वाली मालवा एक्सप्रेस को दो भागों में बांटकर एक भाग को मक्सी-गुना ट्रैक से चलाना चाहिए, ताकि यहां की जनता की यात्रा सुगम हो सके। इस प्रकार का प्रयोग रेलवे पूर्व में कर चुका है। जैसे दिल्ली के निजामुद्दीन से चलकर बिलासपुर पहुंचने वाली ट्रेन बीना में आकर दो भागों में बंट जाती है और उस ट्रेन का एक भाग बीना, कटनी, जबलपुर होते हुए बिलासपुर पहुंचता है और दूसरा भाग बीना, नागपुर होते हुए बिलासपुर पहुंचता है।

महोदय, इसी प्रकार इंदौर से चलकर जम्मू जाने वाली मालवा एक्सप्रेस को दो भागों में बांटकर उसके एक भाग को मक्सी, सारंगपुर, पंचोर, ब्यावरा, चांचौड़ा-बीनागंज, कुंभराज, रूठियाई, गुना होते हुए बीना तथा दूसरा भाग मक्सी से भुजालपुर, भोपाल होते हुए बीना पहुंचकर दोनों भागों को जोड़कर एक रेलगाड़ी के रूप में बनाते हुए जम्मू तक पहुंचाया जाए तो मक्सी-गुना रेलखंड की समस्त जनता को काफी सुविधा होगी और इसके लिए रेलवे को कोई अतिरिक्त संसाधन भी नहीं जुटाने होंगे और हर तरह से राजस्व की आमदनी बढ़ेगी, जनता को फायदा होगा।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Sharad Tripathi are permitted to associate with the issue raised by Shri Rodmal Nagar.

Shri Om Birla – not present.

Mohammed Faizal.